# University in News on 24 October 2024

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### हॉस्टल हेरिटेज फेस्ट में दिखी रचनात्मकता

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के नवीन परिसर में बुधवार को हॉस्टल हेरिटेज फेस्ट का का उद्घाटन कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने किया। इसमें विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं ने हुनर दिखाया। कार्यक्रम में पोस्टर मेकिंग, वाद विवाद, सोलो डांस, जस्ट ए मिनट जैसी प्रतियोगिताएं हुईं। (संवाद)

## HINDUSTAN PAGE 6

### एलयू हेरिटेज फेस्ट में समानता के रंग

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में पहली बार लड़के और लड़कियों ने एक ही मंच पर समानता के सिद्धांत को मजबूत करते हुए अपनी प्रतिभा दिखाई। द्वितीय परिसर के अम्बेडकर हॉल में तीन दिवसीय हॉस्टल हेरिटेज फेस्ट का आयोजन लेट्स इक्वलाइज थीम पर किया गया। इसका उद्घाटन कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने किया।

प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि पहले दिन पोस्टर मेकिंग में श्रीस्थि मिश्रा, क्विज में एचजेबी हॉल, सोलो डांस और डिबेट में गंगा हॉल की आस्था और अम्बेडकर हॉल की कृतिका विजेता रहीं। दूसरे दिन जैम में अम्बेडकर हॉल जीता। सोलो सिंगिंग में सिद्धार्थ सिंह ने जीत हासिल की।

## PIONEER PAGE 3

### समानता के सिद्धांत को मजबूत करते हुए एलयू में दिखाई प्रतिभा



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने द्वितीय परिसर, जानकीपुरम, लखनऊ में हॉस्टल हेरिटेज फेस्ट का आयोजन करके एक नए मुकाम को हासिल किया। तीन दिवसीय इस आयोजन का थीम लेट्स इक्वलाइज रखा गया, जिसका उद्देश्य छात्रों में प्रतिभा को बढ़ावा देना और समानता व विविधता की भावना को प्रोत्साहित करना है।

इस आयोजन का उद्घाटन लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने डॉ. भीम राव अम्बेडकर हॉल में किया। इस अवसर पर प्रोफेसर वी.के. शर्मा (डीएसडब्ल्यू, लखनऊ विश्वविद्यालय), प्रोफेसर अनूप कुमार सिंह (चीफ प्रोवोस्ट, लखनऊ विश्वविद्यालय), प्रोफेसर (डॉ.) आर.के. सिंह (निदेशक, न्यू कैंपस, लखनऊ विश्वविद्यालय) और दूसरे कैंपस के सभी हॉस्टलों के प्रोवोस्ट उपस्थित रहे। पहले दिन कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। लावण्य हॉल में आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में श्रीस्थि मिश्रा ने पहला स्थान हासिल किया। गंगा हॉल में आयोजित क्विज प्रतियोगिता में एचजेबी हॉल ने पहला स्थान हासिल किया। डॉ. बी.आर. अम्बेडकर हॉल में आयोजित सोलो डांस और डिबेट प्रतियोगिता में गंगा हॉल की आस्था ने सोलो डांस में पहला स्थान हासिल किया और डॉ. बी.आर. अम्बेडकर हॉल की कृतिका ने डिबेट प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल किया। दूसरे दिन, इस आयोजन को लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रो-वाइस चांसलर प्रोफेसर मनुका खन्ना की उपस्थिति से सम्मान मिला। जस्ट ए मिनट (जैम) प्रतियोगिता डॉ. बी.आर. अम्बेडकर हॉल ने जीती। सोलो सिंगिंग में सिद्धार्थ सिंह ने एचजेबी हॉल के लिए पहला स्थान हासिल किया। ग्रुप डांस गंगा हॉल ने जीता। ग्रुप सिंगिंग में एचजेबी हॉल ने पहला स्थान हासिल किया। सभी आयोजन डॉ. बी.आर. अम्बेडकर हॉल में हुए। तीसरे दिन, इस आयोजन को लखनऊ विश्वविद्यालय के चीफ प्रोवोस्ट प्रोफेसर अनूप कुमार सिंह और डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रोफेसर वी.के. शर्मा की उपस्थिति से सम्मान मिला। कविता प्रतियोगिता और मुशायरा प्रतियोगिता डॉ. बी.आर. अम्बेडकर हॉल में आयोजित की गई। विवा ला फिएस्टा समारोह के साथ समाप्त हुआ। हॉस्टल हेरिटेज फेस्ट ने सांस्कृतिक संध्या के साथ अपनी विरासत को चिह्नित किया। यह आयोजन सफलतापूर्वक समाप्त हुआ।

## i-NEXT PAGE 4

### तुषिका को मिला पहला स्थान

लखनऊ विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग में बुधवार को काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के तहत चित्रकला प्रतियोगिता हुई. इसमें बीएससी, एमएससी और पीएचडी के शोधार्थियों ने प्रतिभाग किया. एमएससी बाटनी की छात्रा तुषिता सचान पहले बीएससी की दीक्षा दूसरे और खुशबू सिंह तीसरे स्थान पर रही.

### ब्रेस्ट कैंसर के प्रति किया जागरूक

लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय के प्रो बोनो क्लब ने केजीएमयू के एंडोक्राइन सर्जरी विभाग के सहयोग से बुधवार को ब्रेस्ट कैंसर पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित की. मुख्य अतिथि विधि संकाय के डीन प्रो. बीडी सिंह ने छात्रों को न केवल कानून के क्षेत्र में, बल्कि सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों के प्रति भी जागरूक रहने की सलाह दी. मुख्य वक्ता इंडोक्राइन सर्जरी विभाग के डा. आनंद कुमार मिश्रा ने ब्रेस्ट कैंसर के लक्षण, निदान और उपचार के तरीकों पर विस्तृत जानकारी दी.

## LOKSATYA PAGE 2

### एलयू के विधि संकाय में ब्रेस्ट कैंसर पर कार्यशाला आयोजित

लखनऊ, लोकसत्य। लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय के प्रो बोनो क्लब ने किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू), लखनऊ के एंडोक्राइन सर्जरी विभाग के सहयोग से ब्रेस्ट कैंसर पर एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया। इस महत्वपूर्ण कार्यशाला का उद्देश्य ब्रेस्ट कैंसर के प्रति समाज में जागरूकता फैलाना और इसके शुरुआती निदान और समय पर उपचार के महत्व पर प्रकाश डालना था। लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय के अधिष्ठाता और प्रमुख, प्रोफेसर डॉ. बी. डी. सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्घाटन भाषण में छात्रों को न केवल कानून के क्षेत्र में, बल्कि सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों के प्रति भी जागरूक रहने की सलाह दी। उन्होंने ब्रेस्ट कैंसर जैसी



गंभीर बीमारी के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए प्रो बोनो क्लब की सराहना की और छात्रों को इस पहल से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

प्रो बोनो क्लब के अध्यक्ष डॉ. आलोक कुमार यादव ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह की कार्यशालाएं छात्रों को न केवल सामाजिक मुद्दों के प्रति संवेदनशील बनाती हैं, बल्कि उन्हें समाज के लिए कुछ अच्छा करने का अवसर भी देती हैं। उन्होंने इस कार्यशाला के आयोजन में सहयोग देने वाले केजीएमयू के एंडोक्राइन सर्जरी विभाग की भी प्रशंसा की।